ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಲಿ,
ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು – 560 003

**KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD,**
**MALLESHWARAM, BENGALURU - 560 003**

ರಾಜ್ಯ ಮಟ್ಟದ ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಪೂರ್ವಸಿದ್ಧತಾ ಪರೀಕ್ಷೆ,
ಫೆಬ್ರವರಿ/ಮಾರ್ಚ್ – 2023

**STATE LEVEL SSLC PREPARATORY EXAMINATION,**
**FEBRUARY / MARCH - 2023**

ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **61-H**

**Code No. : 61-H**

ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ – ಹಿಂದಿ

**Subject : Third Language - HINDI**

ದಿನಾಂಕ : 01.03.2023 ]

[ Date : 01.03.2023

ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 10–30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 1–30 ರವರೆಗೆ ]

[ Time : 10-30 A.M. to 1-30 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ]

[ Max. Marks : 80

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :**

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 38 प्रश्न हैं।
2. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें।
3. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं।
4. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है।

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गए हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** **8 x 1 = 8**

1. 'बालिका' शब्द का पुल्लिंग रूप है -
   (A) बल (B) लड़की
   (C) बाला (D) बालक

2. 'बेईमान' शब्द का विलोम रूप है -
   (A) इनाम (B) ईमान
   (C) मानव (D) तमाम

3. निम्न में एकवचन शब्द है -
   (A) लिफ़ाफ़ा (B) खिलौने
   (C) मालाएँ (D) कृतियाँ



[ Turn over

4. निम्न में प्रथम-प्रेरणार्थक क्रिया रूप है -

(A) चिपकना (B) पिलवाना

(C) खेलना (D) रुलाना

5. 'जलाशय' शब्द में संधि है -

(A) व्यंजन (B) दीर्घ

(C) गुण (D) यण्

6. 'सीता-राम' शब्द में समास है -

(A) तत्पुरुष (B) बहुव्रीही

(C) द्वंद्व (D) द्विगु

7. बालकों ........................ टोली बनती है।

रिक्त स्थान में सही कारक होगा -

(A) का (B) की

(C) ने (D) को

8. आपका नाम क्या है?

वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है -

(A) योजक (B) पूर्ण विराम

(C) प्रश्नवाचक (D) विस्मयादिबोधक

**II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए :** **4 x 1 = 4**

9. हाथी के पैर जैसे : मकान के स्तंभ :: मछली की पीठ जैसी : ..........................

10. बाल-शक्ति : जगतराम आर्य :: गिल्लू : ..........................

11. मेरा बचपन : आत्मकथा :: रोबोट : ..........................

12. कान्हा : कृष्ण :: बलभद्र : ..........................

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** **4 x 1 = 4**

13. लेखक प्रेमचंद को क्या नज़र आया?

14. दोनों दोस्तों ने क्या निश्चय किया?

15. कवि भगवतीचरण वर्मा किसे प्रणाम कर रहे हैं?

16. धर्म का मूल क्या है?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** **8 x 2 = 16**

17. प्रेमचंद के विचार में फल-सब्जियों को खाने से क्या लाभ है?

18. गिल्लू, मानव से अधिक भावपूर्ण प्राणी है। किन बातों से ज्ञात होता है?

19. सम्मेलन में लेखक परसाई जी को क्यों बुलाया गया था?

20. दोनों रोबोट अंत में क्यों खुश हुए?

21. कविता में भारत-माता का स्वरूप कैसे वर्णित है?

22. बलराम, कृष्ण के माता-पिता के बारे में क्या कहता है?

23. शनि को सुंदर एवं मनोहर ग्रह क्यों माना जाता है?

*अथवा*

शनि को 'ठंडा ग्रह' क्यों कहते हैं?

24. लेखक के अनुसार सत्य का क्या स्वरूप है?

*अथवा*

किन्हीं दो नागरिकों के कर्तव्य लिखिए।

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए : 9 x 3 = 27**

25. कलाम के चरित्र निर्माण में जलालुद्दीन का योगदान स्पष्ट कीजिए।

26. पंडित राजकिशोर मानवता के मूर्ति थे। कैसे? बताइए।

27. बेंगलूरू विश्वभर में प्रसिद्ध है। सोदाहरण समझाइए।

28. बचेंद्रीपाल ने बचपन से एवरेस्ट पर चढ़ने की तैयारी किस प्रकार की?

29. गाँव की सफाई के लिए बालक क्या-क्या करते हैं?

30. ''समय ही जीवन है'' इस कथन का समर्थन कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

31. ''मानव की सही पहचान बुद्धि एवं तर्क नहीं परंतु मानवीयता है।'' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों मे लिखिए :

राम नाम मनि दीप धरु, जीह देहरी द्वार।
तुलसी भीतर बाहिरौ, जो चाहसी उजियार।।

33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :

कर्नाटक, भारत देश का प्रगतिशील राज्य है। यहाँ की आबादी लगभग छः करोड़ से ऊपर है। कर्नाटक में कन्नड़ भाषा बोली जाती है।

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए : 2 x 4 = 8**

34. ''इंटरनेट ने मानव-जीवन को सुविधाजनक बनाया है।'' कैसे? विवरण दीजिए।

*अथवा*

संचार एवं सूचना के क्षेत्र में इंटरनेट का क्या महत्व है?

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

असफलता ..........................................................................
..........................................................................................
..........................................................................................
........................................................................ भागो तुम।

21. कविता में भारत-माता का स्वरूप कैसे वर्णित है ?

22. बलराम, कृष्ण के माता-पिता के बारे में क्या कहता है ?

23. शनि को सुंदर एवं मनोहर ग्रह क्यों माना जाता है ?

*अथवा*

शनि को 'ठंडा ग्रह' क्यों कहते हैं ?

24. लेखक के अनुसार सत्य का क्या स्वरूप है ?

*अथवा*

किन्हीं दो नागरिकों के कर्तव्य लिखिए।

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए : 9 x 3 = 27**

25. कलाम के चरित्र निर्माण में जलालुद्दीन का योगदान स्पष्ट कीजिए।

26. पंडित राजकिशोर मानवता के मूर्ति थे। कैसे ? बताइए।

27. बेंगलूरू विश्वभर में प्रसिद्ध है। सोदाहरण समझाइए।

28. बचेंद्रीपाल ने बचपन से एवरेस्ट पर चढ़ने की तैयारी किस प्रकार की ?

29. गाँव की सफाई के लिए बालक क्या-क्या करते हैं ?

30. ''समय ही जीवन है'' इस कथन का समर्थन कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

31. ''मानव की सही पहचान बुद्धि एवं तर्क नहीं परंतु मानवीयता है।'' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों मे लिखिए :

राम नाम मनि दीप धरु, जीह देहरी द्वार।
तुलसी भीतर बाहिरौ, जो चाहसी उजियार।।

33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :

कर्नाटक, भारत देश का प्रगतिशील राज्य है। यहाँ की आबादी लगभग छ: करोड़ से ऊपर है। कर्नाटक में कन्नड़ भाषा बोली जाती है।

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छ: वाक्यों में लिखिए : 2 x 4 = 8**

34. ''इंटरनेट ने मानव-जीवन को सुविधाजनक बनाया है।'' कैसे ? विवरण दीजिए।

*अथवा*

संचार एवं सूचना के क्षेत्र में इंटरनेट का क्या महत्व है ?

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

असफलता ..............................................................
..............................................................................
..............................................................................
........................................................................ भागो तुम।

**KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD, MALLESHWARAM, BENGALURU-560003**

****************************************************************************************************

**I.निम्नलिखित प्रश्नों के चार-चार विकल्प दिए गए हैं उनमें से सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए : 8×1=8**

**1**]D] बालक

**2**]B] ईमान

**3**]A] लिफ़ाफ़ा

**4**]D] रुलाना

**5**]B] दीर्घ

**6**]C] द्वंद्व

**7**]B] की

**8**]C] प्रश्नवाचक

**IIनिम्न्लिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरुप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 4×1=4**

**9**] मकान का छप्पर

**10**] महादेवी वर्मा

**11**] कहानी

**12**] बलराम

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक –एक वाक्य में लिखिए :- 4×1=4**

**13**] लेखक को बहुत अच्छे,रंगदार, गुलाबी सेब नजर आए।

**14**] दोनों दोस्तों ने मकान बनाने का निश्चय किया।

**15**] कवि भगवतीचरण वर्मा मातृभूमि को प्रणाम कर रहे हैं।

**16**] धर्म का मूल दया है।

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो –तीन वाक्यों में लिखिए :-8×2=16**

**17**] आजकल शिक्षित समाज में विटमिन और प्रोटीन के शब्दों में विचार करने की प्रवृत्ति हो गई है। फ़ल-सब्जियों को खाने से बहुत सारे विटमिन और प्रोटीन मेलतें है।

**18**] लेखिका की गैरहाजरी में जब उनके कमरे का दरवाजा खोलाजाता गिल्लू अपने झूले से उतरकर दौड़ता और फिर किसी दूसरे को देखकर अपने घोंसले में जा बैठता था। लेखिका की अस्वस्थता में गिल्लू तकिये पर सिरहाने बैठकर अपने नन्हें-नन्हें पंजों से लेखिका के सिर और बालों को हौले-हौले सहलाता रहता था।

**19**] सम्मेलन का उद्घाटन करने के लिए लेखक परसाई जी को बुलाया गया था। क्यों की लेखक के आगमन से ईमानदारों तथा उदयीमान ईमानदारों को बडी प्रेरणा मिलेगी। ऐसा सोचकर आयोजकों ने लेखक को बुलाया था।

**20**] रोबोटों के कारण किसी इनसान को नुकसान नहीं झेलना पडा। इस्लिए दोनों रोबोट अंत में खुश हुए।

**21**] मातृभूमि अमरों की जननी है ।

- भारत माता के एक हाथ में न्याय पताका है, जो न्याय का प्रतीक है ।
- दूसरे हाथ में ज्ञान का दीप है, जो ज्ञान का प्रतीक है ।
- भारत माता न्याय तथा ज्ञान द्वारा बच्चों का मार्गदर्शन कर रही है ।

**22**] बलराम, कहता है कि कृष्ण तुम  यशोगा के पुत्र नहीं हो, तुम्हें मोललिया गया है। कृष्ण तुम काले हो और यशोदा और नंद दोनों गोरे हैं।क्यों की तुम उनके पुत्र नहीं हो इस तरह कृष्ण के माता-पिता के बारे में बलराम कहता है।

**23**] शनि ग्रह के चहुँ ओर वलय है (गोल) दिखाई देते हैं। प्रकृति ने इस ग्रह के गले में खूबसूरत हार डाल दियए हैं। शनि के इन वलयों या कंकणों ने इस ग्रह को सौर-मंडल का सबसे सुंदर एवं मनोहर ग्रह बनाया है।इसलिए शनि को सुंदर एवं मनोहर ग्रह माना जाता है।

**[अथवा]**

- शनि ग्रह सूर्य से पृथ्वी की अपेक्षा करीब दस गुना अधिक दूर है ।
- सूर्य का ताप शनि ग्रह पर बहुत कम पहुँचता है ।
- शनि के वायुमंडल का तापमान शून्य से नीचे $150^0$सेंटिग्रेड के आसपास रहता है ।

**24**] सत्य! बहुत भोला-भाला, बहुत ही सीधा-सादा ! अपनी आँखों से जो देखा, बिना नमक-मिर्च लगाए बोल दिया- यहीसत्य होता है । दृष्टि का प्रतिबिंब, ज्ञान की प्रतिलिपि और आत्मा की वाणी ही उसका रूप होता है ।

**[अथवा]**

नागरिक के हैसियत से हमें अपने देश के राष्ट्रध्वज,राष्ट्रगान, राष्ट्रीय त्योहार आदि का आदर करना चाहिए।

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :-  9×3=27**

**25**] जलालुद्दीन हमेशा कलामजी के शिक्षित व्यक्तियों, वैज्ञानिक खोजों, समकालीन साहित्य और चिकित्सा विज्ञान की उपलब्धियों के बारे में बताते रहते थे। वही थे जिन्होंने कलामजी को सीमित दायरे से बाहर निकालकर नई दुनिया का बोध कराया।

**26**] राजकिशोर मजदूरों के नेता थे ।

- गरीबों के प्रति सहानुभूति दिखानेवाले व्यक्ति थे ।
- बसंत के आग्रह पर उसे सहायता करने की दृष्टि से एक छलनी खरीदते हैं।
- प्रताप से बसंत की मोटर दुर्घटना का समाचार सुनते ही तुरंत उसके घर पहुंचते हैं।
- बसंत के इलाज के लिए डॉक्टर को बुलाते हैं ।
- इस तरह हमें राजकिशोर के मानवीय व्यवहार का परिचय मिलता है।

**27**] बेंगलूर शिक्षा का ही नहीं, बल्कि बड़े-बड़े उद्योग-धंधों का भी केंद्र है। यहाँ प्रसिद्ध भारतीय विज्ञान संस्थान, एच,ए,एल, एच,एन,टी आइ.टी.आइ बी.अच.ई.ल जैसी बृहत संस्थाएँ हैं। इसे सिलिकान सिटी भी कहा जाता है। इस्लिए बेंगलूर विश्वभर में प्रसिद्ध है।

**28**] बिछेंद्री ने पर्वतावरोहण का प्रशिक्षण लिया।

- उन्होंने कालानाग, गंगोत्री ग्लेशियर और रूड गेरो पर्वतों की चढ़ाई की, जिससे उनमें आत्मविश्वास और बढ़ गया।
- अगस्त 1983 में दिल्ली में हिमालय पर्वतारोहियों के सम्मेलन में पहली बार तेनसिंग नोर्गे और जुंके ताबी से मिली और उनसे प्रभावित हुई।

**29**] गाँव की नियमित साफ़-सफाई कर के, गंदगी को दूर करते हैं।

- गाँव को हरा-भरा रखते हैं।
- गाँव का कूडा एक निश्चित जगह पर डालने की व्यवस्था करते हैं।
- स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक बनाते हैं।
- इस तरह बालक गाँव की सफ़ाई करते हैं।
- क्ति टोली ने गाँव को आदर्श गाँव बनाया।

**30**] समय बहुत अनमोल है । हमें काम करने का जो अवसर मिलता है, उसे आलस और बहाने बनाना छोड़कर, उसी में मन लगाकर, आत्म विश्वास के साथ, संदेह को भगाकर, काम करना चाहिए । अगर उस समय का सदुपयोग नहीं करेंगे तो हमें बहुत पछताना पड़ता है । इसलिए समय को सच्चा साथी बना लेना चहिए। क्यूं की खोये हुए समय को चक्रवर्ती भी नहीं पा सकता। इससे पता चलता है कि समय ही जीवन है।

**31]** एक मानव को दूसरे मानव से प्रेम का रिश्ता जोड़कर आपस की दूरी को मिटाना चाहिए ।

- स्वयं को पहचानकर भाईचारे को समझना चहिए ।
- बुद्धि पर हृदय की जीत करे, वही विद्वान, वही ज्ञानी और मानव भी है ।

**32**] **<u>भावार्थ :-</u>** प्रस्तुत दोहे में तुलसीदास जी कहते हैं कि – जिस तरह देहरी पर दिया रखने से घर के भीतर तथा आँगन में प्रकाश फैलता है, उसी तरह राम नाम जपने से मानव की आंतरिक और बाह्य शुद्धि होती है |

**33] ಕರ್ನಾಟಕ ಭಾರತದ ಪ್ರಗತಿಶೀಲ ರಾಜ್ಯ. ಇಲ್ಲಿಯ ಜನಸಂಖ್ಯೆ ಸುಮಾರು ಆರು ಕೋಟಿಗಿಂತಲೂ ಅಧಿಕವಾಗಿದೆ.ಕರ್ನಾಟಕದಲ್ಲಿ ಕನ್ನಡ ಭಾಷೆ ಮಾತನಾಡುತ್ತಾರೆ.**

**VI निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छ: वाक्यों में लिखिए :- 2×4=8**

34] इंटरनेट के द्वारा पल भर में, बिना ज्यादा खर्च किए कोई भी विचार हो, स्थिर चित्र हो, वीडियो चित्र हो, दुनिया के किसी भी कोने में भेजना मुमकिन हो गया है । तुम चाहो तो पूरे एक पुस्तकालय की किताबों के विषय को कम समय में कहीं भी भेज सकते हैं । शायद इसके बिना संचार व सूचना दोनों ही क्षेत्र ठप पड़ जाते हैं। इंटरनेट द्वारा घर बैठे-बैठे ख़रीदारी कर सकते हैं । कोई भी बिल भर सकते हैं । इंटरनेट – बैंकिंग द्वारा दुनिया कीकिसी भी जगह चाहे जितनी भी रकम भेजी जा सकती है ।इससे पताचलता है कि इंटरनेट आधुनिक जीवनशैली का महत्वपूर्ण अंग बन गया है ।इसके आधार पर हम कह सकते हैं कि इंटरनेट नें मानव जीवन को सुविधाजनक बनाया है।

**35**]निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए ।

असफलताएकचुनौतीहै, इसेस्वीकारकरो,
क्याकमीरहगई, देखोऔरसुधारकरो।
जबतकनसफलहो, नींदचैनकोत्यागोतुम,
संघर्षकामैदानछोडकरमतभागोतुम।

**VII. 36**].गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**4×1=4**

अ] किसान का बैल कुएँ में गिरने के कारण रोता रहा।
आ] बैल काफ़ी बूढा हो चुका है, उसे बचाने से कोई लाभ नहीं यह सोचकर किसान ने बैल को दफ़नाना चाहा।
इ] फ़ेंकी मिट्टी और गंदगी से सीख लेकर उसे सीढ़ी बनाकर आगे बढ़ना है।
ई] बैल हिल-हिलकर अपनी पीठ पर पड़नेवाली मिट्टी को नीचे गिराता रहा और कदम-कदम बढ़ाकर मिट्टी पर चढ़ता रहा।

**VIII37] दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12-15वाक्योंमेंकिसीएकविषयकेबारेमेंनिबंधलिखिए :- 1×4=4**

## नारी तुम केवल श्रद्धा हो

**विषय प्रवेश -** भारत में नारी का स्थान पूजनीय है। इसलिए प्राचीन काल में यहाँ नारी के प्रति श्रद्धा एवं भक्ति की भावना थी। पुरुष के जीवन में वह माता के रूप में, बहन के रूप में तथा पत्नी के रूप में अपना योगदान देती है। नारी के बिना पुरुष का जीवन अधूरा माना जाता है। कहा गया है "यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवताः" अर्थात्, "जहाँ नारी की पूजा होती है वहाँ भगवान का निवास होता है।" वेद-उपनिषद काल से नारी ने शास्त्र, गणित, खगोल विज्ञान आदि क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा और कौशल को प्रमाणित किया है।

**विषय विस्तार:-** अनादिकाल से भारत में बहनेवाली पवित्र नदियों को गंगा, यमुना, कावेरी, नर्मदा जैसे स्त्रियों के नाम दिए गए हैं। मातृ प्रधान परिवार की स्वीकृति इस बात को प्रमाणित करती है कि सामाजिक क्षेत्र में भी नारी को मान-सम्मान प्राप्त हुआ है। लेकिन कालांतर में अज्ञान और रूढ़िग्रस्त अंधविश्वासों के कारण नारी का अनादर होने लगा। सुरक्षा के नाम पर उसकी स्वतंत्रता का हरण हुआ। उसे मात्र विलास की वस्तु माना जाने लगा। बचपन में नारी को पिता के आश्रय में, उसके बाद पति के अधीन तथा अंत में अपने बच्चों के सहारे जीवन बिताना पड़ता था। लेकिन अब समय बदल गया है। नारी की स्थिति में बहुत बदलाव आये हैं। आज की नारी स्वतंत्र रूप से आगे बढ़कर पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर शिक्षा,

चिकित्सा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कला, साहित्य, संगीत और राजनीति आदि सभी क्षेत्रों में गणनीय प्रगति कर रही है। -

भारत को स्वतंत्रता मिलने के बाद सरोजिनी नायडू ने प्रथम महिला बनकर अपनी क्षमता का परिचय दिया। श्रीमती इंदिरा गांधी ने मंत्री बनकर भारत देश को प्रगति के पथ पर अग्रसित किया। अंतरिक्ष में प्रवेश करनेवाली प्रथम भारतीय महिला कल्पना चावला ने संसार को यह सिद्ध कर दिखाया है कि स्त्री अंतरिक्ष तक पहुँच सकती है। इसी प्रकार सुनिता विलियम्स ने भी अंतरिक्ष की यात्रा कर अपने साहस का परिचय दिया है। पी.टी. उषा, अश्विनी नाचप्पा, सानिया मिर्जा, साइना नेहवाल, मेरी कोम, ज्वाला गुट्टा आदि ने खेल-कूद के क्षेत्र में संसार भर में भारत का नाम रोशन किया है।

अनेक महिलाएँ मुख्यमंत्री, जिलाध्यक्ष और उच्च अधिकारियों के रूप में प्रशासन का कार्य संभाल रही हैं।

**उपसंहार:-** आज केंद्र तथा राज्य सरकारों ने महिलाओं के लिए अनेक - योजनाएं बनाई हैं। उनके लिए आरक्षण दिया है। राज्य सरकार ने दसवीं कक्षा तक बालिकाओं को निःशुल्क शिक्षा की योजना बनाई है। इसके अलावा अन्य कई सुविधाएँ भी दी जा रही हैं। आशा कर सकते हैं कि भारतीय नारी इन सुविधाओं से लाभान्वित होगी और अपने देश के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होगी।

**IX38] निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :-** **5×1=5**

**प्रेषक,** **दिनांक: 06-03-2023**

महबूब बाषा एम
दसवींकक्षा
सरकारी हाईस्कूल
एस.आर.कालोनी
बल्लारी-583101

**सेवामें,**

प्रधानाध्यपक
सरकारी हाईस्कूल
एस.आर.कालोन
बल्लारी-583101

**पूज्यगुरुजी,**

**विषय:** छुट्टी के लिए प्रार्थना पत्र।

उपर्युक्त विषयानुसार आपसे सविनय निवेदन है कि मेरी तबीयत ठीक न होने के कारण मैं पाठशाला को आने असमर्थ हूँ।इसलिए आप दिनांक 06-03-2023 से 08-03-2023 तक तीन दिनों की छुट्टी देने की कृपा करें।

**"धन्यवाद के साथ"**

आपका आज्ञाकारीछात्र
महबूब बाषा एम